THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI RAM SEWAK): On behalf of Shri Bhagat....

MR. DEPUTY-SPEAKER: At the introduction stage the Minister in whose name the Bill stands should be present. Under the rules it cannot be done by some other Minister. So, I will go to the next item.

1.46 Hrs.

## BIHAR LAND REFORMS LAWS (REGULATING MINES AND MINERALS) VALIDATION BILL

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND MINES AND METALS (SHRI JAGANATHA RAO): I beg to move:

"That the Bill to validate certain provisions contained in the Bihar Land Reforms Act, 1950, and the Bihar Minor Mineral Concession Rules, 1964, and action taken and things done in connection therewith, be taken into consideration."

The Supreme Court in Baij Nath Kedia *vs.* State of Bihar held that (a) to the extent of the topics covered by the Parliamentary legislation [the Mines and Minerals (Regulation and Development) Act, 1957] the powers of the State Legislature are excluded; (b) after the creation of statutory mining leases under the provisions of sections 9 and 10 of the Bihar Land Reforms Act, 1950, any attempt to regulate those mining leases will fall not in Entry 18 of the State List but in Entry 54 of the Union List although it touches land not *vice versa*; (c) the whole field of regulation and development of minor minerals have been taken over under the control of the Union and consequently certain provisions of the Bihar Land Reforms Act, 1950, as amended by the Bihar Land Reforms (Amendment) Act, 1964, and sub-rule (2) of rule 20 of the Bihar Minor Mineral Concession Rules, 1964, as inserted by the Bihar Minor Mineral Concession (First Amendment) Rules, 1964, were struck down.

The Government of Bihar have pointed out that as a result of the aforesaid judgment, the levy and collection of royalty on minor minerals in respect of statutory leases by the State Government under the provisions of the Bihar Minor Mineral Concession Rules, 1964, have not only become void but they may also be required to refund royalty collected by them on minor minerals in respect of those leases which runs into a few crores of rupees. It is also likely that as a result of the general principles laid down in the aforesaid Supreme Court judgment, the proceedings initiated by the State Government to resume unworked statutory lease-holds under section 10(2) of the Bihar Land Reforms Act, 1950, as amended by the Bihar Land Reforms (Amendment) Act, 1965, may be challenged.

In view of the principles laid down by the Supreme Court in the aforesaid judgment, it is Parliament which is competent to frame legislation in regard to matters referred to in paragraph 1 above. The Bill seeks to re-enact and validate the provisions of the State laws specified in the Schedule to the Bill.

Since it is a simple non-controversial Bill it is hoped that it will be passed unanimously.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill to validate certain provisions contained in the Bihar Land Reforms Act, 1950, and the Bihar Minor Mineral Concession Rules, 1964, and action taken and things done in connection therewith, be taken into consideration."

It would like to acquaint the House with the time allotment in regard to this Bill. Altogether two hours have been allotted and the division of time is as follows: Congress (O) 12 minutes, Swatantra 8 minutes, Jan Sangh 6 minutes, DMK 6 minutes, CPI 6 minutes, CP(M) 4 minutes, SSP 4 minutes, PSP 4 minutes, UIPG 6 minutes, BKD 2 minutes, Unattached 6 minutes and Government 44 minutes.

SHRI JAIPAL SINGH (Khunti): May I know whether the areas which will be

[Shri Jaipal Singh]

affected by this amending Bill will get two minutes ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : During the discussion all this will come into light, I am sure.

SHRI P. G. SEN (Purnea) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, you know that Bihar is suffering under President's Rule and the administration is being carried on from here. Shri Harihar Singh, who has been Leader of the House, approached the Governor with a list saying that he holds the majority in the House. Nobody, I think, has contested that because the list shows majority; still, there is a report, which came here, which says that about 50 members of that list are such upon whom the Government could not rely or who may be said to vacillate to one side or the other. They are members of the Legislature, no doubt. Whether they vacillate or do whatever they like, it is within their right. They can do it. But we find that things have been fomented from the Centre which are having their effect there. Chief Ministers who are having majority find that there powers are being eroded. Some time back the DMK ministry and the ministries in Kerala and Bengal were trying to find fault with the Centre but now, it is very much disheartening to find and it is a disappointing affair, the Centre is trying to find fault with the States. The burning case is that of UP. From the papers I find that the Prime Minister goes there and says that because the UP Chief Minister was quarrelling with the Centre, UP is a backward area, is not getting the proportionate help that it should have got from the Centre. As an instance Shri C. B. Gupta has cited the example of the DMK ministry and said that the Madras Government got Rs. 24 crores out of the Consolidated Fund of India for relief and, I do not know exactly, what as help was rendered to that State, whereas the same amount of or more damage has been done to UP because of floods and other things and UP is the biggest and the largest State in the Union of India, still the proportion of help rendered to UP is far from that for giving help to the rural people there. They are at a loss and it is very difficult affair for them.

This Bill is a very innocent Bill. I am happy over the fact, though Bihar is under President's rule, that there are two advisers there—Sarvashri P. K. J. Menon and T. P. Singh—for whom I have got the greatest regard. That is one hope. They have been to my area; they toured there and met the people. They are conversant with the area. I was there as Secretary of the District Congress Committee when Shri P. K. J. Menon was the District Magistrate there and I had the opportunity to work with him. I have the greatest regard for him.

I can assure the House for the reforms which have been sent here in regard to the difficulties facing the Bihar Government in regard to the small minerals. Bihar is a mineral area and it is true that we find in papers reports of how mica is being smuggled out. It is a very valuable commodity for export. These areas should be fully developed.

Now we find that the Supreme Court has gone against the executive power of the Bihar Government so far as the small minerals are concerned. The basic matter of the Bill is very good and I am glad to support it. This has been brought under the purview of the Union Government and Parliament to legislate on these matters. As the Lists have separate fields the Supreme Court holds that the Union Government or Parliament is the fittest authority to legislate. If it is not given, the Bihar Government will have to incur a great loss. They have already realised money in respect of these small minerals and if that rule is made void, the Government will have to make repayment of Rs. 5 crores to Rs. 10 crores which the Government is not in a position to do. In that respect, the Bill should receive the support of the House and it should be passed.

What I was going to say, in respect of Bihar, was as to why the Central Government is not allowing Shri Harihar Singh to form the Ministry when he claims a majority. Let the Legislative be called. Otherwise, there is no alternative for you but to go in for another mid-term poll. You must decide one way or the other. Why are you playing with them? Why are you dividing them ? You are dividing those who are within the party, those who are loyal elements in the party, and you are instrumental in bringing a bifurca-

tion between them. You are bringing doom to the whole of the country by your own actions, here and in all the States. You must take a lesson. As you are showing the example here, the States are doing there.

SHRI JAIPAL SINGH : Sir, on a point of order. I do not know what connection U.P. and other provinces which the hon. Member is mentioning has with this Bill.

MR. DEPUTY SPEAKER : This is not a point of order. It is a part of his speech.

SHRI P. G. SEN : So, my point is, when a mid-term poll has been done, if you do not want another mid-term poll to be held, you must call either of the parties or you call the Opposition to form the Ministry. Why don't you call the Opposition to form the Ministry? If you think that Shri Harihar Singh and others are not in a position to form the Ministry, why don't you call Shri Tiwary or the other S.S.P. leader who had seen the Governor? They can try to form the Ministry.

So far as this Bill is concerned, I welcome the Bill and, I hope, it will be passed by the House.

SHRI RANGA (Srikakulam) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, I thank you for calling me to speak on the Bill. Before I begin to speak, let me request you to ascertain whether there is quorum in the House.

MR. DEPUTY SPEAKER : The Quorum Bell is being rung...Now there is quorum.

12 Hrs.

SHRI RANGA : Mr. Deputy-Speaker, Sir, there would have been no need for this Bill if the Central Government and its Law Ministry and those Advisers who are associated with the President had done their duty properly and effectively as per the Constitution. They had their own Congress Ministry, their counterpart, in Bihar. That is happening in the case of other States also wherever they have their own Congress Ministries. It is just because they allowed their Advisers in Government and those associated with the President to go to sleep whenever these Bills came up for discussion in the Legislatures that this Bill has come.

We come across certain objections being raised by the Government only when non-Congress Ministries were in power and proposed certain legislation in their legislatures and then the advisers to the President in the Home Ministry as well as outside woke up, began to be rather watchful and began to examine every Bill in order to see whether that particular Bill came within the ambit of the Constitution or not, within the list of legislation that was specially allotted for the States. But, wherever there were Congress Ministries, they were not bothered at all. Any Bill could be passed in any legislature provided of course the local Government has made itself responsible for introducing it. This is how this legislation also in Bihar came to be passed. That only indicates that the Government here at the Centre has not been functioning as a federal government. It has been functioning in a political manner as a Party government looking into things merely or solely from the Party ends and that led the Constitution to be ignored and led the advisers to the President in the Home Ministry as well as outside also to go to sleep. Worse than that is this. Somehow somebody took it into his head to invoke the court. They went to the Supreme Court. Even then the legal experts of this Government did not have the foresight, did not display the necessary wisdom to admit that this particular legislation was beyond the ambit of the State's powers and therefore, they were prepared not to contest that case at all. On the other hand they were trying to justify this kind of legislation and they persisted with their refusal to accept the truth, to accept the obvious. They fought in the Supreme Court and the Supreme Court in its wisdom decided against the Bihar Government and incidentally also against the Union Government. This is how the need has arisen for this legislation.

What is happening in Bihar? My hon. friend from the Congress Party has already enlightened the House. Is there a Government? Which is the Government in Bihar which has informed the Government of India that if this Bill were not passed now, it would be put to so much loss, crores

[Shri Ranga]

of rupees loss? Is it the advisers' Government or the previous representative Government? Why should there be this advisers' Government? Now in the very beginning when this question was being mooted there whether there should be advisers' Government or not and whether the legislature should be suspended or not, a group of people came together, a group of political parties came together under the leadership of Mr. Harihar Singh and offered to form a Ministry and showed evidence of there being a majority behind them. We thought a Ministry was going to be formed. Suddenly something happened within the Congress Party and as a result of their political upsets, they have been preventing a Ministry being formed there. One can understand if these two sections within the Congress go on fighting on the all-India level. Is it necessary for them to go on fighting at the State level also? All right, even if they want to fight there, is it not possible for them to think in terms of working together along with non-Congress political Parties in a coalition and help Bihar people to have a representative Ministry, a coalition Ministry responsible to the legislature and in that way help that legislature to begin to function effectively? It is the cussedness and the partisanship and the vindictive spirit and un-cooperative attitude of the ruling group within the Congress even at the Centre that they should perpetuate this kind of unsettled conditions in Bihar.

They make it impossible for Bihar to have a real Government, a good Government, a people's Government. In the name of a Government which is not people's Government at all, a Government that is being run at the behest of the ruling party here, but in the name of the poor President, in the name of Rashtrapathi there, they just come here and say: Bihar Government is likely to lose crores and crores of rupees if you do not pass this legislation. Now if they are somehow managing to carry on without this legislation here at the Centre, why should not the Government wait for another 4 months or 3 months or 2 months, or at the worst, 6 months for this legislation to be placed on the Table of the House? They have brought it forward here because of their evil designs, because of their wrong intentions which they keep as a secret of not enabling Bihar to have a really full-fledged representative Government in the next 6 months. That is the game behind this Bill. If they are really keen about having a Government there as soon as possible, a Government which is representative, a Government which would be backed by the legislature, it need not be a Government representing one party or even two but there can be a number of parties, getting together into a coalition. It is not such a new thing either, for, Bihar has had the experience of a number of coalition Ministries. It should be the primary duty of the Government of India to explore every possible way to see that representative Government is formed there by viable coalition. Instead of that Minister after Minister—not one Minister but four or five Ministers—go there on official duty simultaneously. They go like a gang of thieves—but they are Ministers, how can I say that they are thieves? but they may be thieves in political terms; we do not know—but anyhow, a group of 4 or 5 Ministers go there in order to prevent a representative Government, a Coalition Government, from coming into existence in that State.

This is the most heineous thing that any representative Government can possibly try to do. They claim here to be a representative Government, but they are not really representative also because it is a minority Government. They want to perpetrate their insult on the constitution and they are following their own practice by preventing a representative coalition Ministry from coming into existence in Bihar.

My fear is this. They want to continue the present arrangement for another 6 months. Otherwise there would not have been any need at all for this legislation. I would like to call upon the Government to give us a clear assurance that this Government will not perpetrate the absence of a representative Government in Bihar but that they will consider it their constitutional duty and politically their sacred duty to help the legislature there to provide for those people a representative Government, a coalition Government which would be representative of the legislature and enable that legislature also to function in a normal manner. Thank you.

**श्री बृजभूषण लाल (बरेली)** : उपाध्यक्ष महोदय, यह बिहार लैंड रिफार्म्स लाज (रेगुलेटिंग माइंस एंड मिनरल्स) वैलिडेशन बिल, 1969 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा बैज नाथ केदिया के केस में दिय गए जजमेंट के कारण से लाना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले से बिहार सरकार द्वारा माइनर मिनरल्स पर लगाई गई लेवी और कलैक्शन आफ रायल्टी न केवल वाएड हो गई है बल्कि उन्हें इस रायल्टी रिफंड भी करनी पड़ सकती है जो कि कुछ करोड़ रुपये की है। कई करोड़ रुपया बतौर रिफंड के उन्हें देना पड़ेगा। इसके साथ ही यह भी एक शुबहा पैदा हो गया कि उस जजमेंट में जो जनरल प्रिंसिपल्स ले डाउन किये गए हैं उनकी रोशनी में बिहार सरकार द्वारा अनवर्क्ड स्टेचुटरी लीज-होल्डर्स रेज्यूम करने के लिये जो प्रोसीडिंग्स इनिशिएट की गई हैं वह भी चैलेंज की जाएंगी।

**DR. RAM SUBHAG SINGH (Buxar)**: There is no quorum in the House.

**MR. DEPUTY-SPEAKER**: The hon. Member Shri Brij Bhushan Lal may resume his seat now. There is no quorum. The bell is being rung—

The hon. Member Shri Brij Bhushan Lal may now resume his speech.

**श्री बृजभूषण लाल** : यह भी सवाल पैदा हुआ था कि जो प्रोसीडिंग्स इनिशिएट हुई हैं अनवर्क्ड स्टेचुटरी लीज होल्ज को रिज्यूम करने के बारे में उनको भी चैलेंज किया जा सकता है। इन सब बातों की वजह से गवर्नमेंट को यह बिल लाना पड़ा है। चूंकि यह सब चीज बिहार गवर्नमेंट की पावर में नहीं थीं, इस वास्ते आपको उस चीज को वैलिडेट करने के लिये इस बिल को लाना पड़ा है। इसका तो मैं समर्थन करता हूं, लेकिन इस सिलसिले में मैं दो-तीन बातें अर्ज करना चाहता हूं।

सबसे पहली बात तो यह है कि जब एक बार एक्ट बना दिया गया और पावर हासिल करली गई रायल्टी वसूल करने की तो क्या वह पावर बहुत सोच-विचार के बाद हासिल नहीं की गई? क्या वहां पर ला मिनिस्ट्री नहीं है? जब भी कोई इस तरह का बिल लाया जाए और इस तरह की पावर ली जाए तो सारे प्रास एण्ड कान्ज को थारोली कंसिडर करके ऐसा करना चाहिये। काबिल और होशियार आदमी वहां पर भी हैं। हर एक पहलू को पहले से देख लिया जाना चाहिये कि किसी भी बिल की कांस्टीट्यूशनल पोजीशन क्या है। अगर किसी विषय पर पालियामेंट लेजिस्लेट कर सकती है और स्टेट असेम्बली नहीं और बाद में यह चीज सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज होती है और जब वह चीज वायड डिक्लेयर हो जाती है, तो उसके नतीजे अच्छे नहीं होते हैं। पालियामेंट की जो पावर्ज हैं, उनको स्टेट गवर्नमेंट को युजर्प नहीं करना चाहिये। जब ऐसा हो जाता है तो कितना रुपया बरबाद होता है, इसको आप देखें। ला मिनिस्ट्रीज हैं और ला मिनिस्टर हैं। फुल डिपार्टमेंट हैं, जो इन चीजों को देखते हैं। ऐसा मालूम पड़ता है कि कांस्टीट्यूशनल पोजीशन पर पूरी तवज्जह नहीं दी जाती है। जहां तक इस बिल का ताल्लुक है, इसको अगर पास न किया गया तो करोड़ों रुपया बिहार गवर्नमेंट को अदा करना पड़ेगा। इसलिये इसका तो मैं समर्थन करता हूं लेकिन यह चीज जो है, इसकी तरफ भी गम्भीरता से ध्यान आगे से दिया जाना चाहिये।

बिहार में जो लैंड रिफार्म एक्ट है उसकी प्राविजंज से जमशेदपुर को बाहर रखा गया है। जमशेदपुर को उसकी जद्द से बाहर निकाल दिया गया है। यह डिसटिंकशन क्यों किया गया है, यह मेरी समझ में नहीं आया है। वहां के लोगों को इसका एडवांटेज क्यों नहीं मिलना चाहिये? क्या सिर्फ इसलिये कि

[श्री बृजभूषण लाल]

वहां कोई बिग-बिज़नैसमैन है । यह उचित नहीं है । जमशेदपुर को इस तरह से एक्स-क्ल्यूड करना ठीक नहीं है । लैंड रिफार्म्ज़ की प्राविजंज़ जमशेदपुर पर भी लागू होनी चाहियें । ढोरी माइंज़ में जो दुर्घटना हुई उसमें कोई सौ आदमी मारे गए थे । जो कमीशन बैठा था उसकी रिपोर्ट में इस दुर्घटना का कारण नैग्लिजेंस बताया गया था । उन माइंज़ का जो ओनर था वह श्री कामाख्य नारायण सिंह था । उनकी नैग्लिजेंस की वजह से यह हुआ था । जब रिपोर्ट आ चुकी है और नैग्लि-जेंस साबित हो चुकी है जिसकी वजह से सौ से ज्यादा लोग मारे गए थे, तो क्या कारण है कि ओनर्ज़ के खिलाफ प्रासीक्यूशन लांच नहीं किया जाता है । मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं और प्रार्थना करना चाहता हूं कि जो कसूरवार हैं उनके खिलाफ लीगल प्रोसीडिंग्ज लांच की जानी चाहिये । किसी भी दोषी व्यक्ति को स्पेयर नहीं किया जाना चाहिये ।

बिहार में प्रेज़ीडेंट्स रूल है । आपने असैम्बली को वहां सस्पेंड कर रखा है । क्यों आपने यह नीति अपनाई हुई है ? क्यों नहीं आप वहां पापुलर गवर्नमेंट की स्थापना करते हैं । आप वहां एक पार्टी को गवर्नमेंट बनाने के लिये मौका दें ताकि वहां प्रजातंत्र की स्थापना की जा सके । जो पार्टी वहां मैजारिटी में हो, उसको मिनिस्ट्री फार्म करने का मौका आप दें ताकि पब्लिक को संतोष हो और वह समझे कि वहां भी पापुलर गवर्नमेंट है । यहां से डिक्टेट नहीं किया जाना चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

**श्री शिव चन्द्र झा (मधुबनी) :** उपाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक का मैं समर्थन करता हूं । सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक अगर बिहार गवर्नमेंट को पावर नहीं थी रायल्टी वसूल करने की और उसको वैसे ही रहने दिया जाता तो बिहार को करोड़ों रुपया जो उसने एकत्र किया था, वापिस करना पड़ता । इस कानून के मुताबिक उसकी इस कार्रवाई को वैध करार दिया गया है और अब उसको जो रायल्टी उसने वसूल की है, उसको वापिस नहीं करनी पड़ेगी । आगे भी वह रायल्टी लेती रह सकेगी । मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि बिहार की केन्द्रीय सरकार ने घोर उपेक्षा की है । केन्द्रीय सरकार ने बिहार को जान-बूझ कर बैकवर्ड बनाया है । बिहार में पर कैपिटा इनकम लोएस्ट है, हिन्दुस्तान के अन्य राज्यों के मुकाबले में । बहुत ही दयनीय स्थिति बिहार की केन्द्रीय सरकार ने बना दी है । कोई भी इसके लिये दोषी है तो केन्द्रीय सरकार दोषी है और वह केन्द्रीय सरकार जो कि केन्द्र में आजादी के बाद से सत्तारूढ़ रही है, दोषी है । ये बहुत ही दुख की बात है । मिनरल्ज़ के मामले में बिहार सब से धनी राज्य है हिन्दुस्तान का । लोहा और कोयला वहां बहुत ज्यादा होता है । उस मामले में वह सब से धनी है । यूरेनियम दुनिया में सब से ज्यादा वहीं पाया जाता है जो कि न्यूक्लियर एनर्जी के काम में आता है । बावजूद इस सब के बिहार की उपेक्षा की गई है । मोटे तौर पर बिहार की और खास तौर पर नार्थ बिहार की उपेक्षा की गई है। उसको बहुमत ही बैकवर्ड बना दिया गया है ।

वहां पर लोहे की खानें हैं और टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी है जो बहुत भारी कम्पनी है । टाटा का इंडस्ट्रियलाइज़ेशन या दूसरे मामलों में चाहे जो भी कांट्रीब्यूशन रहा हो, अब समय आ गया है कि टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी की जो ज़मींदारी है, उसको समाप्त किया जाए । आज बिहार की

जनता की यह मांग है, समाजवाद का यह तकाजा है, हिन्दुस्तान की यह आवाज है। इस वक्त वहां राष्ट्रपति का शासन है और मैं चाहता हूं कि आप टाटा की जमींदारी का खात्मा करें। ईमानदारी से माइंज एंड मिनरल्स के बारे में आप कोई सही नीति अपनाना चाहते हैं तो टाटा की जमींदारी को आप खत्म करें। टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी का आप नेशनलाइज़ेशन करें। दूसरी जो खान हैं, कोयले को जो खाने हैं और जो प्राइवेट सैक्टर में हैं, उनको सरकार अपने हाथ में ले। राजा रामगढ़ के बारे में मधोलकर कमीशन की रिपोर्ट निकली है। उसमें चार्ज लगाए गए हैं। जिस तरह से वह पैसा बनाते हैं उससे न सिर्फ वहां की जनता पिस रही है बल्कि वहां की राजनीति को भी वह भ्रष्ट कर रहे हैं। फिर भी केन्द्रीय सरकार रामगढ़ के राजा के खिलाफ कार्रवाई करने की और उनको सजा दिलाने की बात नहीं सोच रही है। यह बहुत दुख की बात है। उसकी जो माइंज हैं वहां बड़ी बेइन्साफी हो रही है। सरकार का फर्ज है कि टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी को तथा जितनी प्राइवेट सैक्टर में माइन्ज हैं, खाने हैं, अभ्रक की, कोयले की तथा दूसरी, उन पर सरकार अपना कंट्रोल स्थापित करे, उनको नेशनलाइज करे। ऐसा किया गया तभी बिहार की तरक्की हो सकती है।

संविद की सरकार ने टाटा कम्पनी के खात्मे के लिये एक विधेयक तैयार किया था, लेकिन वह उसको ला नहीं सकी। वह विधेयक पास नहीं करा सकी। अभी वहां राष्ट्रपति का शासन है। आप इसको कर सकते हैं।

यदि आपको जन्तंत्र से मुहब्बत है, यदि आप जनतंत्र में विश्वास करते हैं तो वहां आप लोकप्रिय सरकार की स्थापना करें। आपके जो कांग्रेस दल हैं वे अलग-अलग लिस्ट दे रहे हैं। हरिहर सिंह जी तथा दूसरे की जो लिस्ट हैं वे बोगस लिस्टें हैं। उनको सरकार बनाने का मौका देने की बात ही नहीं होनी चाहिये। आपके जो पिछलग्गू हैं वह भी निकम्मे हैं। इसीलिये जनतंत्र का वहां तकाजा है कि विरोधी दलों को एक बार मौका और दिया जाए कि वह सरकार बनाएं। विरोधियों में खास कर के बड़ी पार्टी एस० एस० पी० है। उसको मौका मिलना चाहिए कि वह बिहार में सरकार बनाए। थोड़ी देर के लिय मान लीजिय उनकी सरकार नहीं चलती है। नहीं चलती है तो खत्म हो जाएगी। इसमें ऐसी कौनसी बात है? लेकिन एक बार मौका उसको मिलना चाहिए ताकि संविद सरकार ने अपने पहले टर्म में टाटा की जमींदारी खत्म करने का रास्ता अख्त्यार किया था, और जनता के हित के काम करने शुरू किय थे, उन कामों को वह पूरा कर सके। साथ ही साथ बिहार को इन्होंने पिछड़ा बनाया है, बिहार के साथ इन्होंने बेइन्साफी की है पिछले 22 सालों में, यदि आज बिहार फैसला कर ले तो सारे हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था को हम पैरालाइज कर सकते हैं, देखते-देखते हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था पैरालाइज हो सकती है, लेकिन नेचुरल रिसोर्सेज में इतना धनी होने के बाद भी राजनैतिक और आर्थिक तौर पर बिहार को आज पीछे गिराया है, क्या बिहार को आज एटामिक प्लान्ट लगाने का हक नहीं है, जब कि वहां यूरेनियम है और नेचुरल रिसोर्सेज हैं? कई बार यह बात उठाई गई है, मेरा बिहार एटामिक एथारिटी विधेयक भी यहां पेश हो चुका है, सरकार का यह फर्ज है कि वहां पर एटामिक पलान्ट वह लगाए। उत्तरी बिहार बहुत ही पिछड़ा हुआ है। एक बरौनी को छोड़ कर और जितना ही उत्तर में चले जाएं, पिछड़ा इलाका मिलता चला जाएगा। यातायात की सुविधा भी वहां नहीं है। वहां पर आम और लीची का भंडार है और एक कैनिंग फैक्ट्री आसानी से वहां लगाई जा सकती है और भी दूसरे उद्योग वहां चल सकते हैं। अभी रेशम उद्योग के बारे में बात कही गई थी। उत्तरी बिहार में रेशम के भी बड़े अच्छे बुनकर हैं और

[श्री शिव चन्द्र झा]

रेशम का उद्योग भी वहां बड़ा अच्छा चल सकता है। लेकिन वहां और रेशम का उद्योग खोलने को कौन कहे, भागलपुर में जो यह उद्योग है उसकी भी हालत खराब है। इस तरह से बिहार और खास कर के उत्तरी बिहार को इस सरकार ने पिछड़ा बनाया है। इस विधेयक के ज़रिए यदि आप करोड़ों रुपये बचाना चाहते हैं तो जितने वहां माइन्स हैं, कोयला, लोहा वगैरह के जो प्राइवेट सेक्टर में चल रहे हैं, उनका राष्ट्रीयकरण करें, तभी वास्तव में आपकी ईमानदारी समझी जाएगी।

12.25 hrs.

*At this stage some persons from the Visitors' Gallery threw some leaflets on the floor of the House.*

DR. RAM SUBHAG SINGH: What has happened may be taken note of.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Some people have thrown some pamphlets.

SHRI JAIPAL SINGH: This is the first opportunity I have to congratulate you. I am very glad that at long last an Adivasi is in the Chair. I hope Adivasis will be occupying other gaddis also throughout the country.

I have been very surprised at the irrelevant speech that has been made over this Bill. This Bill affects Jharkand. Jharkand is the richest mineral belt in the world. Everything is there. There is nothing that is not there.

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna): Including poverty.

SHRI JAIPAL SINGH: Yes, not poverty of the heart.

I regret I cannot go all the way that my very old friend Shri Ranga did, although I do believe that there is some truth in what he has said. Let us not talk about Congress Ministries and ex-Congressmen's Ministries. They have all been in the Congress. What has happened is that they cannot get together. Congressmen have been caught out, ex-Congressmen have been caught out, and we are victims in Jharkand.

This colonial empire of the Bihari must disappear. There must be a Jharkand State. Then only there will be happiness in that area. Much is said about representative Government. I am very happy that there is President's rule. As far as Jharkand is concerned, we are for a change, for getting some justice, otherwise these Biharis would not be here today. Let me point out to them. I can give facts and figures as to how Members of Parliament here, when they belong to committees, just go there to get their sons and daughters and nephews and nieces and in-laws also jobs there as though we are no good.

Sir, I am afraid hon. Members do not quite realise the significance of this Bill. What has happened? It does not matter which Ministry was there. The fact is that teachers, professors, and even other Government civil servants have not been paid for months. For months they have not been paid. I suggest that we pass this Bill unanimously. I admit the mistake that has been made in the State, just as mistakes are often made by the Centre also. The Bills that are pushed through Parliament here because of a majority there are held invalid by the Supreme Court. Prof. Ranga is perfectly correct in saying this: what is the Law Ministry there for? Do they not understand the Constitution, the implications of the Constitution, if certain legislation is passed, whether it is in order or not in order? Well, I do not wish to say more. All that I say is, let us pass this Bill unanimously so that people who have not been paid for six months, eight months, at least might get their pay. Let us not harp on the fault of the Congress Ministry or any other Ministry or even the Central Ministry. If we go into the details like that, I regret to say that I think the fault is more on this side than on that side.

Thank you.

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया): उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। लेकिन इसके साथ-साथ में यह

कहना चाहता हूं कि मेरा विश्वास ब्यूरोक्रेसी में कतई नहीं है और जब तक ब्यूरोक्रेसी के हाथ में कहीं की भी सरकार रहे, चाहे वह बिहार की हो या कहीं की भी हो, अगर एडमिनिस्ट्रेशन में उसका हाथ ऊंचा रहे तो कभी भी देश का और जनता का भला नहीं हो सकता है। इसलिय मेरा अपना ख्याल है कि चाहे किसी तरह भी हो वहां जितनी पार्टियां बिहार में हैं वह सारी पार्टियां इस बात के लिय कोशिश कर रही हैं कि वहां एक सरकार बनाएं, अभी तक उन्हें कामयाबी इसलिय नहीं मिली कि वहां के गवर्नर साहब इस निश्चय पर नहीं आ सके कि कौनसी पार्टी मेजारिटी में है, लेकिन जो भी पार्टी मेजारिटी में हो, उस पार्टी के जिम्मे यह काम देना चाहिये जिसमें कि वह बिहार का भला कर सके। राजनैतिक कंसिडरेशंस जो हैं मिनिस्ट्री बनने या न बनने में उस दृष्टि से विचार नहीं होना चाहिये और खास करके गवर्नर को इस दृष्टि से उस पर विचार नहीं करना चाहिये। बिहार के दो हिस्से हैं। उत्तरी हिस्सा और दक्षिणी हिस्सा। ...... (व्यवधान) ...... झारखंड भी है और झारखंड की भी एक मांग है कि झारखंड को अलग किया जाना चाहिये। इस बात में भी अब ज्यादा देर नहीं लगनी चाहिये यह तय करने में कि झारखंड होना चाहिय या नहीं होना चाहिये। जो कुछ हो, चाहे उसको होना चाहिये, वह भी बात कह देनी चाहिये, नहीं हो तो वह भी बात कह देनी चाहिये। नहीं तो यह आन्दोलन पहले शुरू में तो बहुत छोटा मालूम होता है लेकिन आगे चल कर के इसका रूप विशाल हो जाता है जैसे आन्ध्र में हो रहा है या हरयाने और पंजाब को लेकर हुआ है। इसलिय इस तरफ भी ख्याल जाना चाहिये जैसा कि अभी जयपाल सिंह जी ने भी कहा।

दूसरी बात यह है कि बिहार के जो दो हिस्से हैं, उसमें दक्षिणी हिस्सा खनिज पदार्थों से भरा हुआ है। बहुत-से हमारे भाई लोग दो बातें खास कर के कहा करते हैं। एक यह कि पब्लिक सेक्टर में इसको ले लिया जाए और दूसरे कारपोरेशन बना दिया जाए। कारपोरेशन के तो मैं इतना सख्त खिलाफ हूं कि जिसकी कोई हद नहीं। अगर मेरी चले तो मैं इसी वक्त जितने कारपोरेशन हैं सब को स्कैप कर दूं क्योंकि कारपोरेशन का जो चेयरमैन है वह जितनी सेंट्रल मिनिस्ट्रीज हैं उसके सब मिनिस्टरों के बराबर है।

**एक माननीय सदस्य :** अगर कारपोरेशन का चेयरमैन आपको बना दिया जाए तो ?

**श्री क० ना० तिवारी :** मैं तो नहीं चाहता हूं कि इस तरह का काम हो। मैं इसके खिलाफ हूं। जब आम लोगों से बात होती है तो लोग समझते हैं कि जो कारपोरेशन्ज के चेयरमैन हैं, वे जो चाहें कर सकते हैं। यहां के मेम्बर्स अगर किसी बात को चाहें, यहां के मिनिस्टर्ज अगर किसी बात को चाहें, तो मेरा ख्याल है कि नाक रगड़ कर रह जाएंगे, उनका काम बड़ी मुश्किल से होगा। अगर वह किसी जायज बात को भी चाहेंगे तो भी वह होनी मुश्किल है। यहां आप किसी भी मिनिस्टर से बात करके देख लें। कारपोरेशन्ज के चेयरमैन सुपर-मिनिस्टर्ज हैं। यह बात पब्लिक सैक्टर के सम्बन्ध में कही जाती है, इसका मतलब यह नहीं है कि मैं पब्लिक सैक्टर के खिलाफ हूं, लेकिन मैं उसके मैनेजमेन्ट के खिलाफ जरूर हूं। जिस तरह से आज पब्लिक सैक्टर के मैनेजमेन्ट का काम हो रहा है—गांधी जी कहा करते थे—खाओ उतना जितना हजम कर सको, उतना न खाओ कि अजीर्ण हो जाय या स्वास्थ्य खराब हो जाए। आप इस समय जितना काम पब्लिक सैक्टर में उठा चुके हैं, पहले उसको अच्छी तरह से कीजिय, जब उसका प्रबन्ध अच्छी तरह से हो जाता है, तब आगे बढ़ कर दूसरा काम लीजिये। इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है। आपकी इकानमी मिक्स्ड इकानमी है। या तो आप एलान कीजिय कि आपने अपनी नीति में परिवर्तन किया है,

[श्री क० ना० तिवारी]

आपकी नीति अब मिक्स्ड इकानामी की नीति नहीं रही, आप सभी चीज़ों को पब्लिक सैक्टर में लाना चाहते हैं। मेरे कहने का यह मतलब नहीं लिया जाना चाहिय कि मैं पब्लिक सैक्टर के खिलाफ हूं और प्राइवेट सैक्टर के पक्ष में हूं, लेकिन मैं यह ज़रूर देखता हूं कि हमारी आमदनी पर-कैपिटा नहीं बढ़ रही है, उसमें भी बिहार सबसे पिछड़ा हुआ है और बिहार में भी उत्तर बिहार की हालत दक्षिण बिहार से भी खराब है। वहां कोई भी इण्डस्ट्री—स्माल, मीडियम या बिग—कुछ नहीं है, सिवाय बरौनी के। बिहार की डवेलपमेन्ट में इम्बैलेंस बहुत ज्यादा है, इसलिय मैं निवेदन करना चाहूंगा कि जब तक बिहार सरकार भारत सरकार के हाथ में है—इन बातों की तरफ ध्यान दिया जाना चाहिये।

लोगों का ख्याल है कि ज़मीनों के बटवारे से ही अन-एम्प्लायमेन्ट कम होगी या उसकी समाप्ति होगी, लेकिन मेरा ख्याल है और दुनिया का इतिहास भी यही बतलाता है कि जब तक इण्डस्ट्रीज़ नहीं बढ़ेंगी आप ज़मीन का बटवारा चाहे जितना कर लीजिये, अन-एम्प्लायमेन्ट की समस्या हल नहीं होगी। बिहार में जो इण्डस्ट्रीज़ हैं उनमें बिहार के लोगों को काम नहीं मिलता है। इसलिये मेरा अनुरोध है कि सरकार का ध्यान इस तरफ जाना चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का स्वागत करता हूं और समझता हूं कि इसको अवश्य पास किया जाए।

**श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर)** : उपाध्यक्ष महोदय, सदन में कोरम नहीं है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The bell is being rung—Now there is quorum. Mr. Khushwah.

**श्री यशवंतसिंह कुशवाह (भिण्ड)** : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इस बिल का समर्थन करते हुए मैं शासन से दो बातें निदन कवेरना चाहता हूं। एक तो यह कि काफी समय से वे लोग जो खदानों में काम करते हैं या जो खदानों की तरक्की में दिलचस्पी रखते हैं, उनकी मांग रही है कि खदानों का राष्ट्रीयकरण किया जाए—यह शासन के लिये भी हितकर है और श्रमिकों के लिये भी हितकर है। देश की तरक्की के लिये भी यह आवश्यक है कि देश की भूगर्भ सम्पत्ति का अधिक से अधिक शोषण किया जाए ताकि देश की तरक्की के लिये रास्ता प्रशस्त हो सके। जब दूसरी दिशाओं में राष्ट्रीयकरण की बातें सोची जाती हैं, बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया, जब कि उसकी इतनी ज्यादा ज़रूरत नहीं थी, फिर भी राष्ट्रीयकरण करने में उसको प्राथमिकता दी गई तो समझ में नहीं आता कि देश की प्रगति के लिये जो आवश्यक चीज़ है—देश के खदानों का राष्ट्रीयकरण क्यों नहीं किया जा रहा है। इस तरफ अब तुरन्त ध्यान दिया जाना चाहिये।

मेरा दूसरा निवेदन यह है कि शासन की तरफ से राज्यपालों को इस बात की पूरी तरह आज़ादी रहनी चाहिये कि वे अपने ढंग से काम कर सकें और केन्द्र के राजनीतिक कारणों से वे प्रभावित न हों। यह बात मैं इसलिये कहना चाहता हूं कि अगर आज केन्द्र से कांग्रेस, जो शासन पक्ष में है, उसकी गवर्नमेंट वहां पर (बिहार में) बन सकने की सम्भावना होती तो शायद बिहार के राज्यपाल की भाषा दूसरी होती। लेकिन जब आज दूसरे कांग्रेस पक्ष के सरदार हरिहर सिंह इस बात का दावा करते हैं कि हम सरकार बनाने में सक्षम हैं, तो उन्हें मौका क्यों नहीं दिया जाता? परीक्षण के तौर पर ही उनको मौका दिया जाता है और देखा जाता कि वे सरकार बना सकते हैं या नहीं। जनता की गवर्नमेंट वहां पर आए—इसके लिये केन्द्रीय शासन को किसी भी तरह की अड़ंगें की नीति नहीं अपनानी चाहिये। और जितना सम्भव हो, उतनी सहायता की नीति अपनानी चाहिये। इन दो निवेदनों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।